सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की क्षमता दोगुणी करेगी सरकार

11 हजार की जगह प्रतिमाह लगेंगे 22 हजार संयंत्र

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत योगी सरकार घरों की छत पर दोगुणी क्षमता से सोलर रूफटाप संयंत्र लगवाएगी। अब तक प्रदेश में एक लाख से अधिक सोलर रूफटाप संयंत्र लगाए जा चुके हैं। मौजूदा समय में हर माह लगभग 11 हजार संयंत्र लगाए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2.65 लाख संयंत्र लगाए जाएंगे। इसके लिए हर माह 22 हजार और प्रत्येक जिले में औसतन 300 सौर ऊर्जा संयंत्र प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत लगाए जाएंगे।

सरकार ने मार्च 2027 तक उत्तर प्रदेश में कुल आठ लाख सोलर रूफटाप संयंत्र लगाने का लक्ष्य तय किया है। जिला और डिस्कामवार, नगर निगम व नगर पालिका स्तर पर लक्ष्य निर्धारित किए हैं। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से योजना को जोड़ा गया है, जिससे इसकी निगरानी और प्रगति की रियल टाइम मानिटरिंग की जा सके। पीएम सूर्य घर योजना को घर-घर तक पहुंचाने के लिए यूपीनेडा प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इसके तहत मार्च 2025 तक पोर्टल पर प्राप्त 10.73 लाख आवेदनों पर आवेदकों से संपर्क कर वेंडर्स को सूचीबद्ध किया जा रहा है। संयत्र लगाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। योजना के क्रियान्वयन के लिए अप्रैल 2025 तक 2500 से अधिक वेंडर्स को सूचीबद्ध किया जा चुका है। राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय संस्थान, भारत सरकार के कौशल विकास मंत्रालय और यूपीनेडा के सहयोग से वेंडर्स को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक लगभग 1800 वेंडर्स को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है।

वेंडर्स को बैंकों के माध्यम से लोन और क्रेडिट गारंटी स्कीम का लाभ भी दिया जा रहा है, ताकि उनकी आर्थिक क्षमता मजबूत हो सके। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2024 में शुरू हुई इस योजना को योगी सरकार ने प्राथमिकता पर रखते हुए पूरे प्रदेश में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने का बड़ा कदम उठाया है।